हरियाणा विधान सभा

(21 मार्च, 2023 को होने वाली हरियाणा विधानसभा की बैठक में पूछे जाने वाले)

अतारांकित प्रश्न

21 मार्च, 2023

कुल प्रश्न - 5

स्वीकृत पदों की संख्या

114 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में खण्डवार बी.डी.पी.ओ., एस.डी.ओ., जे.ई., पंचायत सचिव, अकाउंट क्लर्क (लेखा लिपिक), कंप्यूटर ऑपरेटर तथा क्लर्क (लिपिक) की कुल संख्या कितनी है तथा 1.02.2023 तक रिक्तियां कितनी है ?

नगर निकायों में स्वीकृत पदों की संख्या

115 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में कार्यकारी अधिकारी, कार्यकारी अभियन्ता, सचिव, नगरपालिका अभियन्ता, कनिष्ठ अभियन्ता, सेनेट्री इंस्पैक्टर (स्वच्छता निरीक्षक), अकाउंटैंट, कंप्यूटर ऑपरेटर तथा क्लर्क के स्वीकृत पदों की संख्या कितनी है तथा 1.02.2023 तक रिक्तियां कितनी है ?

विदेशी दौरे के चयन के मानदण्ड

116 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि प्रतिनिधि मंडलों की रिपोर्ट पर सरकार द्वारा विदेशी दौरों वार क्या कार्रवाई की गई तथा गत् पांच वर्षों के दौरान दौरा किए गए देशों के चयन के मानदण्ड क्या हैं ?

जारी किए गए लाइसेंसों की संख्या

117 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में गत् पांच वर्षों में विभाग द्वारा रिहायशी प्लोटिड कॉलोनी, ग्रुप हाऊसिंग तथा अफोर्डेबल हाऊसिंग के लिए जारी किए गए लाइसेंसों की विधानसभा निर्वाचनक्षेत्रवार संख्या कितनी है तथा उनका क्षेत्रफल कितना है ?

भूकम्प प्रतिरोध के लिए मानदण्ड तथा बिल्डिंग कोडज

118 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) बादशाहपुर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र का कितना क्षेत्र है जो भूकम्पीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है;

(ख) गुरूग्राम में भूकम्प प्रतिरोध के लिए इमारतों तथा अन्य बुनियादी अवसरंचना के लिए बिल्डिंग कोडज इत्यादि के मानदण्ड क्या हैं;

(ग) गुरूग्राम में इन मानदण्डों तथा बिल्डिंग कोडज के उल्लंघनों के उदाहरण क्या हैं; तथा

(घ) इन उल्लंघनों के साथ लगाए गए जुर्मानों का ब्यौरा क्या है, यदि कोई है तथा भूकम्प प्रतिरोध सुनिश्चित करने के लिए क्या सुधारात्मक कार्रवाई आरम्भ की गई ?

चंडीगढ़. **राजेन्द्र कुमार नांदल,**

21 मार्च, 2023. **सचिव**